दिनांक 04.07.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान आज से शुरू –स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, सामाजिक विकास सहित छह सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
- कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- हज यात्रियों के जेद्दाह से वापस लौटने का सिलसिला शुरू– पहली फ्लाइट आज जयपुर पहुंची।
- पूरे प्रदेश में मॉनसून सक्रिय पिछले 24 घंटे में जयपुर, अलवर सहित कई जगहों पर मूसलाधार बारिश ।

000

प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान आज से शुरू हुआ। इस अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, सामाजिक विकास और मिट्टी की उर्वरा बढ़ाने संबंधी छह सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के तहत आज डूंगरपुर जिले के झोथरी ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गैंजी में शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में सांसद राजकुमार रोत, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, नीति आयोग के प्रतिनिधि मेथुकु अनिरुद्ध सहित स्कूल के विद्यार्थी और ग्रामीण मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश में अत्यंत पिछड़े जिले तथा प्रखंडों में सेवा वितरण और शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान की शुरूआत की है। जिसमे डूंगरपुर जिले के झोथरी ब्लाक का चयन किया गया है।

-------------------

**बीकानेर** के कोलायत में हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में कोलायत को चिन्हित किया है। आने वाले तीन महीने में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी सूचकांकों पर टीम भावना के साथ शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

-------------------

नीति आयोग के उप सलाहकार मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य छह सूचकांकों में पिछड़े जिलों और ब्लॉक को मुख्य धारा से जोड़ना है। कार्यक्रम से पहले अंबेडकर सर्किल से संपूर्णता अभियान जागरूकता यात्रा निकली।

जिला कलेक्टर ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आयोजित प्रदर्शनी में चिकित्सा, महिला और बाल विकास, प्लान इंडिया, कृषि और राजीविका सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स लगाई गई। साथ ही संपूर्णता अभियान से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई।
नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी जिले **जैसलमेर** और आंकाक्षी ब्लॉक फतेहगढ़ में भी आज से ये अभियान शुरू हुआ। जिला स्तर पर अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी और जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने संम्भागियों को सम्पूर्णता की शपथ दिलाई।
इसी तरह **बाड़मेर** के रामसर में ऊर्जा सलाहकार और नीति आयोग के राजस्थान के नोडल अधिकारी राजनाथ राम और जिला कलेक्टर निशान्त जैन की उपस्थिति में शुभारंभ कार्यक्रम हुआ। अभियान के तहत स्वास्थ्य और पोषण सूचकांकों को बेहतर बनाने और मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। **गंगापुर सिटी** में भी अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ इस दौरान जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई। सिरोही जिले के आबूरोड ब्लॉक में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया। उधर शाहपुरा जिले के कोटड़ी में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ कल होगा।

000

बजट सत्र के दूसरे दिन भी आज विधानसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा देखने को मिला। सदन में प्रश्नकाल में भी विपक्ष हमलावर रहा वहीं शून्यकाल में भी विपक्ष का जमकर हंगामा देखने को मिला। प्रश्नकाल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जैसे ही प्रश्न का जवाब देने लगे तो विपक्षी सदस्य आदिवासियों को लेकर उनके द्वारा दिये बयान को लेकर माफी मांगने की मांग करने लगे। इस दौरान विपक्षी सदस्य वैल में आकर नारे लगाने लगे। श्री दिलावर के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इसी तरह शून्यकाल में कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कांग्रेस विधायकों पर दर्ज हो रहे मुकदमों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संविधान के दिए हुए लोकतांत्रिक अधिकारों पर सरकार और प्रशासन आघात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सहित कांग्रेस नेताओं के ऊपर मुकदमे किए गए।

000

प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। आज मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने इसकी जानकारी दी। श्री मीणा ने कहा वे दो दिन से दिल्ली में थे। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ने बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। श्री मीणा ने कहा कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन दौसा, टोंक–सवाई माधोपुर और करौली में पार्टी की हार से वे व्यथित हैं। अब वे आत्मचिंतन करना चाहते हैं। गौर तलब है कि श्री मीणा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि उन्हें जिन सीटों की जिम्मेदारी मिली है अगर वो हारते हैं तो इस्तीफा दे देंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में श्री मीणा के विभागों से जुड़े प्रश्नों के जवाब के लिए अन्य मंत्रियों को अधिकृत किया है। ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रश्नों के जवाब ओटाराम देवासी देंगे। वहीं कृषि और उद्यानिकी से जुड़े सवालों के जवाब के.के. विश्नोई देंगे।

000

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गौ कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नियमों के तहत आवेदन करने पर पंचायत स्तर पर गौशालाएं और नन्दीशालाएं खोली जाएंगी। गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गौशालाएं संचालित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार अनुदान राशि दी जाती है। साथ ही राजस्थान भू–राजस्व नियम के तहत गौशालाओं हेतु भूमि आवंटन के प्रावधान किये गये हैं। श्री कुमावत ने बताया कि वर्तमान में बड़े गौवंश के लिये 40 रूपये तथा छोटे गौवंश के लिए 20 रूपये प्रति गौवंश प्रति दिन की दर से सहायता राशि 270 दिनों तक की दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पात्र गौशालाओं का अनुदान वित्तीय संसाधनों की उपलब्धतानुसार बढाया जाता है।

000

हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी तहसील के रामपुरा गांव के मेजर विकास भाम्भू को कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा। मेजर विकास भाम्भू ने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देते हुए 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश में देश के लिये अपने प्राण न्योछावर कर दिये थे। इससे पहले उन्हें **"सेना मेडल"** से सम्मानित किया गया था। कल होने वाले समारोह में शहीद मेजर विकास भाम्भू के पिता भागीरथ भाम्भू, माता सुखवंती देवी और मेज की वीरांगना शौर्य चक्र ग्रहण करेंगे।

000

---------------------

हज यात्रियों के जेद्दाह से वापस लौटने का सिलसिला आज से शुरू हो गया है। हज यात्रियों की वापसी की पहली फ्लाइट आज जयपुर पहुंची। इस फ्लाइट से 433 हजयात्री वापस आये हैं। हवाई अड्डे पर हज यात्रियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। हज की आखिरी फ्लाइट 11 जुलाई को जयपुर आएगी, कुल 9 फ्लाइट के जरिए प्रदेश के 3680 हजयात्री लौटेंगे।

000

पूरे प्रदेश में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में कई जगहों पर मूसलाधार बारिश हुई है। जयपुर सहित कई जिलों में कल रात से ही कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का सिलसिला चल रहा है। इससे हवाओं में ठंडक घुल गई है। कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे परेशानी हो रही है। दुकानों में पानी भरने लगा है। सबसे जदा 106 मिलीमीटर बारिश अलवर में रिकॉर्ड की गई। झुंझुनू में भी बरसात का दौर जारी रहा। झुंझुनू के विभिन्न गांवों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। झालावाड, बांसवाडा, सिरोही और टोंक में भी बरसात हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार आज भी उत्तर–पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है तथा मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर–चुरू से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से पूर्वी जिलों में आगामी दो–तीन दिन मानसून सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है। इस दौरान जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा संभाग के अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी 48 घंटों के दौरान मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। जोधपुर संभाग के पूर्वी हिस्सों में भी कहीं–कहीं हल्के से मध्यम बारिश और सीमावर्ती क्षेत्रों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

000

राज्य में मानसून के दौरान मौसम विभाग द्वारा कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी के मद्दे नजर स्वायत शासन विभाग ने सभी अधिकारियों को व्यापक तैयारी और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। डीएलबी निदेशक सुरेश कुमार ओला ने कहा कि सभी अधिकारियों को अगले 72 घंटों में होने वाली भारी बारिश के लिए सतर्क और तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि नालों के आसपास कर्मचारियों और संसाधनों की उचित तैनाती की जाये। अधिकारियों को जलभराव को रोकने और शहरी क्षेत्रों में बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए नालों को साफ

रखने को कहा गया है। उन्होने कहा कि अधिकारियों को स्थानीय निकायों में बहुत पुरानी इमारतों की पहचान करने के लिए गहन सर्वेक्षण करना चाहिए।

000

सवाईमाधोपुर में आयोजित 14 वर्ष और 17 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की संभाग स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गयी। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में हुई इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय अलवर दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबले जीत कर चैपियन रहा। अण्डर–14 बालिका वर्ग में अलवर ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सवाईमाधोपुर को हराकर खिताब जीता। केन्द्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल जोधपुर क्रमांक–2 की टीम तीसरे स्थान पर रही। अण्डर–17 बालिका वर्ग के फाइनल मैंच में केन्द्रीय विद्यालय अलवर ने केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–6 को परास्त कर खिताब जीता। केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद की टीम तीसरे स्थान पर रही।

000